राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद्, बल्लभगढ़

<u>हिन्दी पखवाड़ा 2023 के दौरान कार्यालय में दिनांक 26 सितम्बर 2023 को "राजभाषा एवं प्रद्यौगिकी" विषय पर वार्ता का आयोजन</u>

राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद् बल्लभगढ़ में दिनांक 26 सितम्बर 2023 को हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "राजभाषा एवं प्रद्यौगिकी" विषय पर वार्ता का आयोजन कार्यालय में किया गया। इस कार्यशाला में अधिकारियों / कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस कार्यशाला की अध्यक्षता माननीय डॉ संजीव कुमार चतुर्वेदी, इकाई प्रभारी, एवं संयुक्त निदेशक, एन.सी.बी. बल्लभगढ़ द्वारा की गई। कार्यशाला के लिए आमंत्रित वक्ताओं, श्री हरिओम शुक्ला, उप-प्रबंधक (राजभाषा) एवं श्रीमती संजना सिंह, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), फ़रीदाबाद का स्वागत माननीय इकाई प्रभारी एवं संयुक्त निदेशक एन.सी.बी. द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला में नराकास, फ़रीदाबाद से आमंत्रित श्री हरिओम शुक्ला जी, प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रयोग की अनिवार्यता पर बल देते हुए बताया की 14 सितंबर 1949 को हिंदी को संविधान में राजभाषा का दर्जा दिया गया था। संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा तथ्यों और सर्वेक्षण के आधार पर दिया गया था। इस कार्यशाला में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) के अंतर्गत आने वाले सभी दस्तावेजों, राजभाषा नियम 1976 के नियम (1 से 12) की जानकारी देने के साथ-साथ राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय भारत सरकार, द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सुझाव दिये गए।

शुक्ला जी ने कंठस्थ 2.0 टूल के विषय में भी सभी को जानकारी दी तथा उसे अधिक से अधिक उपयोग में लाने पर बल दिया तथा राजभाषा हिन्दी में कार्य करना हम सभी का संवैधानिक दायित्व है।

इसके पश्चात श्रीमती संजना सिंह, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), ने अपने संबोधन में राजभाषा नियम, अधिनियम के विषय में जानकारी प्रदान की। हिन्दी का प्रशिक्षण कार्यक्रम तभी सफल होगा जब आप सभी प्रतिभागीगण अपने दैनिक कार्यालयीन गतिविधियों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाएगें।

यह कार्यशाला बहुत ही उपयोगी एवं उद्देश्यपूर्ण रही। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ वार्ता का समापन किया गया।